# अग्रसेन जयंती पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**कोटपूतली** । स्थानीय अग्रसेन भवन में महिला मंडल द्वारा श्री अग्रसेन जयंती कार्यक्रमों की शुरुआत श्री अग्रसेन जी महाराज के आगे दीप प्रज्वलित व आरती करके की गई। उसके बाद विभिन्न प्रतियोगिता हुई, जैसे आज की ज्वलन्त समस्या पर कविता पाठ महापुरुषों, नेता व खिलाडियों पर भाषण प्रतियोगिता महापुरुषों व देवी देवताओं के चित्र बनाना व नॉन फायर कुकिंग (बिना चूल्हा जलाये) व्यंजन बनाना आदि प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें समाज के बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उसके बाद निर्णायक मंडल से सुशीला पाठक, संतोष भार्गव, कृष्णा मीणा, बीना सोनी, संपत कंवर, राज सोनी, अनु तंवर ,सोनम सैनी, शीतल बंसल, प्रीति इनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रथम स्थान द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान पर रहने वाले बालक बालिकाओं का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्षा श्रीमती लाजवंती देवी महामंत्री श्रीमती जया बिरमीवाल, रेणु अग्रवाल, ईन्दू अग्रवाल, बीना गोयल, मीना चौधरी, अंजलि सवाईका, चन्दा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, अनीता गोयल, मोना गोयल, प्रतीक्षा, शालिनी दीवान, अल्का अग्रवाल, शीतल गोयल, रेनू जिंदल, हिना मोरीजावाला, आकांक्षा बंसल सहित काफी महिलाएं व बालक बालिकाएं उपस्थित रही।

# अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, महिला घायल

## हादसे में एक महिला व एक पुरुष घायल हो गए

**पावटा** । प्रागपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात व रविवार की सुबह दो अलग-अलग हुई सडक दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और दो लोग एक महिला व एक पुरुष घायल हो गए। पहली दुर्घटना प्रागपुरा थाना क्षेत्र के सीएनजी पेट्रोल पंप के पास पावटा राजमार्ग पर हुई जहां एक पैदल चलते राहगीर कृष्ण राबड पुत्र प्रह्लाद निवासी हीर की बावडी लाडाकाबास उम्र 25 साल को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसकी उप जिला अस्पताल पावटा से जयपुर ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक नशे में धुत था। वही सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस एएसआई कंवर सिंह ने कार व चालक को अपने कब्जे मे लिया। वही पावटा उप जिला अस्पताल की मोर्चरी मे मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द किया। वहीं प्रागपुरा थाना हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने बताया कि दूसरी घटना रविवार सुबह पावटा लाई ओवर पर हुई जहाँ एक पिकअप टायर रीम लोड कर गुडगांव की तरफ से शाहपुरा की ओर जा रही थी। तभी रीम से लोड पिकअप का पावटा लाई ओवर पर अचानक एक्सल टूट गया। जिससे उसके पिछले पहिए गाडी से निकलकर अलग हो गए व पिकप ड्राइवर साइड के पहियों के सहारे मीटर दूर तक घिसटती चली गई। वही पीछे से आ रही एक्ससीवी कार ज्यों गुड गांव से जयपुर की तरफ जा रही थी अनियंत्रित होकर उसमे घुस गई। गनीमत रही कि बडा हादसा होने से टल गया व एक्ससीवी मे सवार दो महिलाए शिवानी व सची प्रभाकर के मामूली चोटे आई। जिनका पावटा उप जिला अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



प्रागपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात व रविवार की सुबह दो अलग-अलग सडक दुर्घटनाओं के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

# नवरात्र व चुनाव के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**गोविंदगढ़ /अलवर** (गोविंद गौतम) गोविंदगढ़ कस्बे में गोविंदगढ कस्बे के पुलिस थाना में सीएलजी बैठक का हुआ आयोजन जिला एडिशनल हेड क्वार्टर के आदेश अनुसार सीएलजी बैठक सांप्रदायिक सद्भावना एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना के लिए नवरात्र एवं चुनाव के माहौल को देखते हुए सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में कस्बे के सभी गणमान्य व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था जिसे कस्बे की समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त की कस्बे वासियों ने सामाजिकता को देखते हुए गोविंदगढ़ क्षेत्र में गस्त की मांग की विद्यालयों एवं महाविद्यालय के समय में पुलिस अपनी गस्त बढ़ाएं और मनचलों पर कार्रवाई करें ओवरलोड वाहन ट्रैक्टर बजरी पत्थर लेकर जाते हैं बहुत ही स्पीड मैं तेज गति से चलाते हैं जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है बाईपास और नाई मोहल्ला ट्रैक्टर निकलते हैं छोटे बच्चे एवं बूढ़े बड़ों का कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं अगर ऐसा होता है तो जिम्मेदारी किसकी होगी क्षेत्रीय पुलिस एवं प्रशासन की अवैध खनन पर पाबंदी होने के बाद भी धड़ल्ले कानून की धज्जियां उड़ाते हुए चल रहे हैं जिसका जिम्मेदार कौन है बताएं प्रशासन अवैध रूप से चल रहे ट्रैक्टर बजरी इट पत्थर साठ गांठ कर कर चल रहे हैं ट्रैक्टरो में लाउडस्पीकर लगे हुए हैं।

# वर्षा ने राइफल शूटिंग में जीता गोल्ड मेडल

**नारायणपुर** । कस्बे के कोलाहेडा मोड़ पर स्थित साइंस गुरुकुल सीनियर सैकण्डरी स्कुल की छात्रा वर्षा पबडी निवासी ज्ञानपुरा ने जिला स्तरीय 10 मीटर राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। इससे विद्यालय व क्षेत्र के लोगो में हर्ष का माहौल हैं। संस्था प्रधान विजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि छात्रा वर्षा पबडी पुत्री सुमेर सिंह मीणा ने गोल्ड मेडल जीतने के बाद अब आगामी 7 से 13 अक्टूबर तक अजमेर में होने वाली राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में कोटपुतली-बहरोड़ जिले का नेतृत्व करेंगी। इसके लिए स्कुल प्रबंधन ने छात्रा की उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र से भी खेल प्रतिभाएं निरंतर आगे आ रही हैं।


**रक्तदान शिविर** : राजगढ़ भारत विकास परिषद के तत्वावधान में खंडेलवाल धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखा गया भारत विकास परिषद सचिव रश्मि विजय एवं संयोजक जिनेंद्र जैन ने बताया कि सेठ माखनलाल महावर अलवर की टीम ने राजगढ जाकर रक्त एकत्रित किया इस अवसर पर डॉक्टर के एम गुप्ता राम रतन तांबी पारस सराफ दिनेश सेन लोकेश रावत अशोक विजय राजेंद्र विजय राजीव जैन दीपक विजय पार्षद प्रीति शर्मा राजेश ठेकेदार महेश सर्राफ गिरिराज हरनेर अभिषेक शर्मा गजेंद्र विजय अमित हलवाई राजेंद्र नीमला मनीष एडवोकेट सहित परिषद के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

# जल जीवन योजना बनी छलावा

**सावरदा,** ( निंस ) मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत्र की गिदानी ग्राम पंचायत के पालुकलां गांव के वाशिंदो को दो साल का समय गुजर जाने के बाद भी मिशन जल जीवन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति से वंचित ही रहना पड रहा है । ग्रामीण रामचंद्र औला ,जयनारायण प्रजापत , मुलचंद प्रजापत , मुकेश भालोट , रामनिवास जांदू , श्रवण बोला , मोहरू कुराच , कैलाश जांदू आदि ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई ,मिशन जल जीवन योजनार्गत पालुकलां गांव में करीब दो साल पुर्व जलदाय विभाग द्वारा गांव में पाईप लाईन डालकर करीब एक सौ पचास घरो में नल कनेक्सन किए गए थे । घर घर नल कनेक्सन होते ही लंबे समय से पेयजल को लेकर परेशान ग्रामीणो को पेयजल समस्या से निजात मिलने की आस भी जगी ,परन्तु दो साल का समय गुजर जाने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नही मिलने से ग्रामीण बुरी तरह से परेशान व हताश नजर आ रहे हैं ।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर नवनिर्माण में लगी राशी का आय व्यय का ब्यौरा किया प्रस्तुत

**पीपलू** । श्री विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण जिला सभा व तहसील सभा की बैठक जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड बिडोली, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिड, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश बरवास व तहसील सभा अध्यक्ष राधेश्याम पाली की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक में जिला सभा के तत्वधान में 2022 मे हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन की बची हुई राशी व भामाशाहों के सहयोग से मन्दिर नवनिर्माण मे खर्चा हुआ। उसका आय व्यय का ब्यौरा समाज बंधुओ के सामने प्रस्तुत किया। जिसमे जिले की सभी तहसीलो से समाज बंधु पहुचे। जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड़ ने बताया कि नवनिर्माण को आगे भी समाज बन्धुओ के सहयोग से जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश भरनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र चूली, गौरीशंकर मालपुरा, युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ लावा, मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश जांगिड, कैलाश जांगिड, शशिभूषण जांगिड, मनोज जांगिड, श्योजीराम जांगिड, कमलेश जांगिड, केदार जांगिड, नवीन जांगिड, हनुमान जांगिड, रामप्रसाद जांगिड, रामअवतार जांगिड, रामधन जांगिड, गिर्राज जांगिड, प्रेमचंद जांगिड, लोकेश जांगिड व निर्मल जांगिड सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



पीपलू में श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित बैठक में चर्चा करते हुए अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण जिला सभा व तहसील सभा के पदाधिकारी।

# 'श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला महाविद्यालय' बी श्रेणी में शामिल

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय को यूजीसी के द्वारा गठित कमेटी नैक द्वारा विभिन्न मापदण्डों के आधार पर बी ग्रेडिंग प्राप्त होने पर स्टॉफ, छात्राओं, स्थानीय निवासियों एवं शिक्षा जगत में हर्ष की लहर दौड गई।

प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर के नेतृत्व में विगत 20 एवं 21 सितम्बर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) की टीम द्वारा दो दिवसीय दौरा कर महाविद्यालय के प्रत्येक पहलू जैसे भौतिक संसाधनों, शैक्षिक गुणवत्ता, शोध कार्य की स्थिति, पूर्व छात्राओं व माता-पिता की भागीदारी, पर्यावरण संरक्षण एवं छात्राओं का समाज और देश के हित में योगदान की भूमिका, खेल के लिए उपलब्ध संसाधनों आदि का निरीक्षण किया गया। डॉ. गुर्जर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा किये गये सामूहिक प्रयासों को देते हुए कहा कि महाविद्यालय को उत्तम ग्रेडिंग प्राप्त होना कोटपूतली-बहरोड जिले के लिए गौरव का विषय है। नैक द्वारा जिले के सबसे बडे राजकीय एल.बी.एस. महाविद्यालय जो क्षेत्र का सबसे पुराना महाविधालय है को जुलाई में बी ग्रेड मिला था। जबकि कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य और अल्प स्टॉफ के द्वारा कठिन मेहनत से बी ग्रेड प्राप्त होना क्षेत्र की छात्राओं के लिए बडी उपलब्धि है। यूजीसी के द्वारा जबसे राजस्थान में राजकीय महाविद्यालयों में नैक निरीक्षण प्रणाली शुरू हुई है तब से अब तक केवल 20 महाविद्यालयों को ए या बी ग्रेड मिला है। यह महाविद्यालय राज्य के सर्वोत्तम 20 महाविद्यालयों की गिनती में आ गया है। नैक द्वारा अच्छी ग्रेड मिलने पर भविष्य में इस महाविद्यालय का विकास तीव्र गति से होगा और यूजीसी से 03 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त होने से महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी। प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर ने आईक्युएसी प्रभारी डॉ. उदयवीर तोषावर, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. भावना चौधरी, बिशम्भर दयाल समेत सभी संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनकी अथक मेहनत को इस सफलता का श्रेय दिया।

# श्रीजी का हुआ सामूहिक कलशाभिषेक

- **भजन संध्या में संगीतमय णमोकार एवं भक्तामर अनुष्ठान में उमडे श्रद्धालु**

**निवाई** । सकल दिगम्बर जैन समाज एवं बड़ा जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में जैन मुनि अनुसरणसागर महाराज के आशीर्वाद से गांव करीरिया में रविवार को वार्षिकोत्सव व सामुहिक कलशाभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम चन्द्रप्रभु भगवान का पंचामृत अभिषेक एवं शान्तिधारा की गई। उसके पश्चात श्रीजी के माला पहनने का सौभाग्य सुरेशचंद, महेंद्रकुमार, सतीश चंद, संजय कुमार, सुनील कुमार, अनिलकुमार भाणजा को प्राप्त हुआ। इससे पूर्व शनिवार को संगीतमय भक्ताम्बर स्त्रोत्र अनुष्ठान एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि जैन संगीत मण्डल द्वारा संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर अनुष्ठान किया गया।

उन्होंने बताया कि गायक सोभागमल सोगानी, विमल जौंला एवं विमल बड़ागांव ने संगीतमय णमोकार महामंत्र के साथ भगवान चंद्र प्रभु के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण शशी सोगानी, सुनीता बड़ागांव, शकुंतला छाबड़ा एवं सुनीता सांवलिया ने किया। भाणजा ने बताया कि गायक कलाकारों ने संगीत के साथ णमोकार महामंत्र एवं पण्डित हितेश शास्त्री द्वारा रिद्धि मंत्रों का उच्चारण करके 48 भक्तामर पाठ श्लोकों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तामर पाठ की रचना कर मण्डप पर दीप समर्पित किए। भजन संध्या में मुख्यस गायक विमल जौंला ने प्रभु प्यारो महावीरों यो म्हारे मन बस गयों रे, मेरे लाडले आदीश्वर प्यारे प्यारे, भक्तामर की रात बाबा आज थाने आणो है, भक्तामर की रात, गायक सोभागमल सोगानी ने आदिनाथ भगवान बड़े बाबा मेरे, गायक विमल बड़ागांव ने वीर भजे वीर भजे वीर भजे जा, गायिका हेमा बनेठा ने पारस प्यारा लागे, गायिका पिंकी कठमाणा ने ये जिनवर तो हमारे जिनवर है व गायक हेमराज चंवरिया सहित कई गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

# धरना 93 वें दिन भी रहा जारी

- **ग्रामीणों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण**

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना रविवार को लगातार 93 वें दिन भी जारी रहा। चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला एवं ढ्राणी रामनगर के निवासियों ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने हेतु धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। धरनार्थियों ने कहा कि हम सब भगवान का कार्य कर रहे है। अपनी जन्मभूमि की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। हम हमारे आराध्य श्री ध्यान जी महाराज एवं गांव के स्वामी श्री चतुर्भुज भगवान की पवित्र भूमि में गंदगी कैसे फैलाने दे सकते हैं। इस मौके पर ग्रामीणों ने एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। साथ ही पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। इस दौरान चन्द्रशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, खेमचंद स्वामी, सत्यनारायण शर्मा, प्रताप सिंह यादव, गिरिराज स्वामी, योगेश शर्मा, योगेन्द्र स्वामी, रोहित स्वामी सहित ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

# टोंक जिला प्रमुख दिल्ली में करेगी राजस्थान का प्रतिनिधित्व

- **30 सितंबर को डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र दिल्ली में होंगी बैठक**

**टोंक।** जिला प्रमुख सरोज बंसल राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए पंचायत राज विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित सबकी योजना सबका विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला में 30 सितंबर 2024 को डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र दिल्ली में भाग लेगी।

जिसमें पंचायत राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में गति प्रदान करना और आ रही कमियों पर चर्चा तथा योजनाओं को और अधिक अच्छी बनाई जाए जो आम जनता तक पहुंच सके, जिससे सबका विकास हो सके उस पर भी चर्चा की जावेगी। कार्यशाला में संपूर्ण भारतवर्ष से चयनित जनप्रतिनिधि एवं पंचायत राज. विभाग के अधिकारी भाग लेंगे, जिसमें राजस्थान से भी एक दल भाग लेगा।

# नि:शुल्क आंखों के शिविर में 460 लोग हुए लाभान्वित

## मिश्री देवी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर व उनकी टीम ने बेहतरीन सेवाएं दी

**मनोहरपुर** । कस्बे के तोपचिखाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपचीखाना में मुस्लिम विकास समिति के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ।

जिसमें मिश्री देवी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर व उनकी टीम ने बेहतरीन सेवाएं दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव व एएसआई सतवीर सिंह भी पहुंचे जिनका टीम के द्वारा स्वागत किया गया।वही प्रभारी राजेन्द्र यादव व एएसआई सतवीर सिंह ने भी डॉक्टर से अपनी आंखों का चेकअप करवाया। इस दौरान सदर मुराद अहमद व नायब सदर सईद अहमद चौहान ने बताया कि यह शिविर रविवार को सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जो कि 3 बजे तक चला।जिसमें 460 लोगो ने अपनी आंखें चैक करवाई। जिसमें 95 वर्ष की वृद्ध महिलाएं पुरुष व 7 वर्ष के बच्चे भी परामर्श लेने विद्यालय में आए। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर में निशुल्क आंखो की जांच, दवाईयां वितरण की गई।ओर वही जिन लोगों की आंखों के ऑपरेशन की जरूरत रही उन लोगो को करीब 5 अक्टूबर को एक निजी गार्डन भूतनाथ मंदिर के पास निजी गार्डन से मिश्री देवी आई हॉस्पिटल के द्वारा बस से लोगो को बहरोड़ अस्पताल लेजाया जाएगा जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान शिवीर में मिश्री देवी आई अस्पताल के डॉक्टर दानिश टंडन अशोक यादव दीपक शर्मा हरेंद्र सिंह शेखावत विजय सिंह नवीन मेहता, अजय कुमार, रोहित राणा व उनकी टीम ने सेवाए दी। इस दौरान मुस्लिम विकास समिति द्वारा डॉक्टर व उनकी टीम का सफा पहनकर वह माल्यार्पण कर भव्य सम्मान स्वागत किया गया।वही रशीद अहमद, नायब सदर अब्दुल हमीद, एडवोकेट मोहम्मद रशीद,मीडिया प्रभारी जाफर लोहानी ने बताया मुस्लिम विकास समिति संस्था लंबे समय से सर्व समाज के लिए काम करते आ रही है। और आगे भी संस्था के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।



मुस्लिम विकास समिति के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ।

# सार-समाचार

## विधायक देवीसिंह शेखावत का जन्मदिन मनाया



**नारायणपुर** । बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत के 56वें जन्मदिन पर रविवार को कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक देवीसिंह शेखावत के जन्मदिन पर समाजसेवी सुरेश ज्ञानपुरिया व उनकी टीम के द्वारा कराणा सीएचसी में 6 लाख की लागत से सीबीसी मशीन दी गई। जिसका उद्घाटन विधायक द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत विधायक ने ग्रामीण व कार्यकर्ताओं के साथ मुण्डावरा, नीमुचाणा, हरसौरा, रामपुर सहित श्री गिरदर गौशाला में गायों को गुड़ व चारा खिलाया। वही जन्मदिन पर विधायक को कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर मुण्डावरा सरपंच प्रतिनिधि रोहिताश सैनी, सुरेन्द्र शर्मा, सुल्तान राम सैनी, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश गोठवाल, अशोक मीणा, विजय गोठवाल, लोकेश सैनी, ठेकेदार महेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हादसे में मासूम की मौत

**मालपुरा,**(निस) उपखण्ड क्षेत्र के टोरडी गांव में रविवार को ट्रेक्टर की टक्कर से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। परिजनो ने बताया कि पांच साल की मासुम बच्ची मकान के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। ट्रेक्टर की टक्कर से गंभीर घायल हो अचेत हुई प्रिया पुत्री बबलू कहार निवासी टोरडी परिजन तत्काल मालपुरा अस्पताल मे लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे मृत घोषित किया गया।

## छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**निवाई** । निवाई थाना पुलिस ने विद्यालय की छात्राओं को अश्लील विडियो दिखाने व उनसे छेडछाड करने वाले एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक लईक अहमद 50 वर्ष पुत्र अब्दुल करीम कुरेशी टालवाले निवासी शिवाजी कॉलोनी गली नम्बर 1 ने विद्यालय में पढने वाली छात्राओं को अपने मोबाईल में अश्लील विडियो दिखाकर उनके साथ छेडछाड करता था। इस मामले में पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ था। उक्त दर्ज प्रकरण में पुलिस ने आरोपी शिक्षक लईक को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शिक्षक को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## शिविर में 120 यूनिट रक्त संग्रहित

**शाहपुरा** । शाहपुरा स्थित डाक बंगला परिसर में रविवार को मुस्लिम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ । 120 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने पधारकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। आयोजन कर्ता टीम संस्थापक शाहरूख खान व मोहम्मद अंसार ने बताया कि शिविर में120 युवाओं ने रक्तदान किया। मुस्लिम यूथ फाउंडेशन का यह तीसरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक मनीष यादव ने बताया कि रक्त की एक यूनिट तीन लोगों का जीवन बचाती है। मुस्लिम यूथ फाउंडेशन ने हमेशा आपसी सौहार्द बनाये रखने का काम किया है।विधायक ने बताया कि मेरा ब्लड ग्रुप 0 है मेरे द्वारा रक्तदान करने पर ना धर्म लिखा जाता ना नाम केवल लिखा जाता है 0 ग्रुप। जो किसी भी धर्म के पीड़ित मरीज को दिया जाकर जीवन बचाया जाता है। रक्तदान आपसी भाईचारे को बढाने का भी एक प्रतीक है।

## प्रकाश प्रजापत का स्वागत

**किशनगढ बास।** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की ओर से खैरथल तिजारा जिले के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत निवासी बंबोरा का रविवार को बंबोरा घाटा हनुमान मंदिर में समाज ने एकत्रित होकर स्वागत किया। इस दौरान जिले की विभिन्न तहसीलों से समाज के लोग बंबोरा घाटा हनुमान मंदिर में एकत्रित हुए। समाज के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रजापत का माल्यार्पण कर एवं लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की । तथा राष्ट्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम पोखरमल प्रजापत पाटन मेवान की अध्यक्षता में हुआ इसमें मंगलराम,तोताराम , हरिराम,बुधसिंह थानाघोड़ा , प्रभुलाल इस्माइलपुर शेरसिंह , भवानी , सोनू, फूलसिंह , रामकिशन अध्यक्ष तिजारा , रामसिंह ,मोनू सहित बडी संख्या में समाज बंधू उपस्थित रहे।

## श्याम अरदास संकीर्तन हुआ

**निवाई** । श्रीकृष्ण एकादशी पर श्याम मंदिर में श्याम अरदास संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्याम अरदास कीर्तन में सैकड़ों की तादाद में श्याम भक्तों ने अरदास लगाई। श्याम अरदास कीर्तन के सदस्य अपने घर से बाबा का भोग लेकर आए। जिसे कार्यक्रम के अंत में सभी श्याम भक्तों को वितरित गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मनीष जिंदल ने मेरे लाडले गणेश प्यारे-प्यारे, रवि पारीक ने मेरे सर पर रख दो बाबा अपने दोनों हाथ, अनिल शर्मा ने खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, मनीष साहू ने दर्दे दिल की दवा दीजिए, महेश खंडवाल ने मेरे सर पर सदा तेरा साथ रहे, कमल सूर्या ने वृंदावन की हर गली में सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनो पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर रवि अठावाल, जगदीश शर्मा, रामावतार साहू, मोहित अठावाल, हीरू रामचंदानी, नवीन खंडेलवाल, राकेश सोनी, सीताराम व गौरव बोहरा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## कैलाश चन्द सैनी अध्यक्ष बने

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद पार्क के पास स्थित श्री बड़ के बालाजी मन्दिर परिसर में रविवार को एलबीएस मार्केट (मुख्य चौराहा से अग्रसेन तिराहा तक) के समस्त व्यापारियों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न किये गये। कार्यकारिणी में कैलाश चन्द सैनी को अध्यक्ष, संदीप शर्मा को उपाध्यक्ष, अनिल बंसल को महामंत्री, रूपसिंह शेखावत को कोषाध्यक्ष व अनिल मंगल को सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया। बैठक में व्यापार संघ की आगामी कार्य रूपरेखा एवं व्यापारियों की समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

## दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई** । सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत डीवाईएसपी मृत्यंजय मिश्रा के निर्देशन में गठित टीम ने गांव सजिया फाटक व गुंसी गांव के समीप से बजरी के दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त करके सदर पुलिस थाने में खडा कर दिया है।

## रक्तदान किया

**निवाई** । मां श्री यादे जिला शिक्षा समिति के सदस्य रक्तवीर मुकेश प्रजापत झिलाय ने एक रोगी को रक्तदान करके सराहनीय कार्य किया है। टीम के सक्रिय सदस्य नरेश पोटर ने बताया कि रोगी पवन को प्लेटलेट्स काउंट कम होने पर उसको 1 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। इसकी सूचना मिलने पर मुकेश प्रजापत झिलाय ने टोंक में स्थित पार्थ ब्लड बैंक पहुंचकर रोगी को रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि मुकेश प्रजापत रोगियों के जीवन को बचाने के लिए अब तक 10 बार रक्तदान कर चुके है।

## सड़क निर्माण शुरू

**निवाई** । गांव काचरिया में शमशान तक जाने वाले रास्ते का ग्राम पंचायत द्वारा ठोवर सडक़ का कार्य शुरू कर दिया है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीण हरसहाय मीणा, कृष्ण मीणा, किशोर मीणा, मूलचंद मीणा, जगदीश मीणा, नंदा मीणा, हनुमान मीणा व श्रवन मीणा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से शमशान में जाने का रास्ता नहीं होने से बारिश के मौसम में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सरपंच रमेश यादव के प्रयासों से शमशान तक जाने वाले रास्ते का सीमा ज्ञान करवाकर रास्ते पर ठोवर रोड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।